# सन्धि से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

**1.** 'तल्लीन' शब्द का संधि विच्छेद होगा –
(a) तव +लीन (b) तल +लीन
(c) ततः +लीन (d) तत् +लीन

**2.** 'सदैव' शब्द में कौन सी संधि है?
(a) यण संधि (b) व्यंजन संधि
(c) वृद्धि संधि (d) गुण संधि

**3.** 'वाग्जाल' का संधि विच्छेद होगा –
(a) वाक् +जाल (b) वाक +जाल
(c) वाग् +जाल (d) वागः +जाल

**4.** 'द्वावपि' का संधि–विच्छेद होगा :
(a) द्व +आवपि (b) द्वौ +अपि
(c) दव +अयापि (d) इनमें से कोई नहीं

**5.** 'अत्यधिक' का शुद्ध संधि–विच्छेद क्या है :
(a) अत्य +धिक (b) अति +अधिक
(c) अती +अधिक (d) अत्यधि +क

**6.** 'इति +आदि' = इत्यादि में कौन सी संधि है?
(a) यण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) गुण संधि (d) अयादि संधि

**7.** निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन संधि का उदाहरण है?
(a) सदैव (b) मनोरथ
(c) निर्गुण (d) सदाचार

**8.** 'मृत्यु +उपरांत' में संधि करने से एक शब्द निर्मित होगा :
(a) मृत्युपरांत (b) मृत्योपरांत
(c) मृत्युपर्यन्त (d) मर्त्योपरांत

**9.** 'कपि +ईश' का सही संधि–संयोजन कीजिए :
(a) कपिश (b) कपीश (c) कपेश (d) कपिशि

**10.** 'परोपकार' शब्द का संधि–विच्छेद होगा :
(a) परा +उपकार (b) परो +पकार
(c) परोप +कार (d) पर +उपकार

**11.** 'चन्द्रोदय' में कौन–सी संधि है?
(a) यण संधि (b) दीर्घ संधि (c) वृद्धि संधि (d) गुण संधि

**12.** निम्नलिखित में से 'वृद्धि स्वर संधि' किस शब्द में है?
(a) रजनीश (b) महौषध
(c) यतीन्द्र (d) शोधार्थी

**13.** 'सदाशय' का सही संधि–विच्छेद होगा :
(a) सद +आशय (b) सतत +आशय
(c) सत् +आशय (d) सदा +आशय

**14.** निम्नलिखित में यह संधि विच्छेद सही है :
(a) परम +आत्मा (b) परम +आत्म
(c) परमा +आत्मा (d) पर +मात्मा

**15.** निम्नलिखित विकल्पों में यह शुद्ध है :
(a) पर +अधीन (b) पर +आधीन
(c) पर +अधीना (d) परा +आधीन

**16.** 'उच्चारण' का सही संधि विच्छेद है
(a) उच्च +चारण (b) उत +चारण
(c) उच् +चारण (d) उत् +चारण

**17.** 'महाशय' शब्द का सही संधि विच्छेद है
(a) महः +आशय (b) मह +आशय
(c) महा +आशय (d) महाश् +अय

**18.** 'पावन' शब्द का सही संधि विच्छेद है
(a) प +अवन (b) पा +आवन
(c) पाव् +अन (d) पौ +अन

**19.** 'उल्लास' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा
(a) उत् +लास (b) उल् +लास
(c) उल +लास (d) उल्ल +आस

**20.** निम्नलिखित में 'यण' संधि कौन सी है?
(a) यद्यपि (b) एकैक
(c) सदैव (d) महौजस्वी

**21.** निम्नलिखित में से 'वृद्धि स्वर संधि' कौन सी है?
(a) पृथ्वीश (b) विद्यार्थी
(c) महीन्द्र (d) महौषध

**22.** 'उज्ज्वल' में प्रयुक्त संधि है –
(a) गुण संधि (b) व्यंजन संधि
(c) विसर्ग संधि (d) दीर्घ संधि

**23.** 'तल्लीन' शब्द में सही उपसर्ग का विच्छेद है –
(a) तल् +लीन (b) तद् +लीन
(c) तत +लीन (d) तत् +लीन

**24.** 'अन्वेषण' का शुद्ध सन्धि–विच्छेद है –
(a) अन्वेष +ण (b) अन्वे +षण
(c) अनु +वेषण (d) अनु +एषण

**25.** नवोढ़ा का संधि विच्छेद है :
(a) नव +उढ़ा (b) नवो +ढ़ा
(c) नव +ऊढ़ा (d) न +ओढ़ा

**26.** 'जगन्नाथ' शब्द में सही सन्धि है –
(a) स्वर संधि (b) विसर्ग संधि
(c) व्यंजन संधि (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** 'व्याप्त' में सन्धि है
(a) गुण संधि (b) दीर्घ संधि
(c) यण संधि (d) अयादि संधि

**28.** प्रतिच्छवि :
(a) प्रति +च्छवि (b) प्रति +छवि
(c) प्र +छवि (d) प्राति +चवि

**29.** प्रणाम :
(a) प्र +मान (b) प्र +नाम
(c) प्रणा +म (d) प्रो +णाम

**30.** प्रत्यक्ष :
(a) प्रति +अक्ष (b) प्रति +अक्षि
(c) प्र +त्यक्ष (d) प्रत्य +अक्ष

**31.** स्वेच्छा :
(a) सु +इच्छा (b) स्वे +इच्छा
(c) स्व +इच्छा (d) कोई नहीं

**32.** जगदीश :
(a) जगत् +ईश (b) जगत +ईश
(c) जगद् +ईश (d) जगद +ईश

**33.** यदि 'ई', 'इ', 'उ', 'ऊ', और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इनका परिवर्तन क्रमशः 'य', 'व्' और 'र' में हो तो उसमें कौन–सी संधि होगी –
(a) गुण स्वर संधि (b) यण् स्वर संधि
(c) वृद्धि स्वर संधि (d) अयादि स्वर संधि

**34.** 'इत्यादि' शब्द का सही सन्धि विच्छेद होगा
(a) इति +आदि (b) इत्य +आदि
(c) इति +यादि (d) इत +आदि

**35.** 'सद्भावना' का सन्धि–विच्छेद है –
(a) स +भावना (b) स +द्भावना
(c) सद् +भावना (d) सत् +भावना

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (c) | 3. (a) | 4. (b) | 5. (b) | 6. (a) | 7. (d) | 8. (a) | 9. (b) | 10. (d) |
| 11. (d) | 12. (b) | 13. (c) | 14. (a) | 15. (a) | 16. (d) | 17. (c) | 18. (d) | 19. (a) | 20. (a) |
| 21. (d) | 22. (b) | 23. (d) | 24. (d) | 25. (c) | 26. (c) | 27. (c) | 28. (b) | 29. (a) | 30. (a) |
| 31. (a) | 32. (a) | 33. (b) | 34. (a) | 35. (d) | | | | | |